भारत सरकार, गृह मन्त्रालय
Government of India, Ministry of Home Affairs
निदेशालय जनगणना कार्य, हिमाचल प्रदेश
Directorate of Census Operations, Himachal Pradesh
2011
दूरभाष/Tele.: 0177-2651 419, 2651 482
टैलीफैक्स/Telefax : 0177-2651 419
तार/Telegram : हिम-जनगणना/Him-Census
ई-मेल/E-mail : dco-him.rgi@censusindia.gov.in
सी.जी.ओ. कम्पलैक्स, हिमाद्रि खण्ड, लौगवुड, शिमला-171 001
C.G.O. Complex, Himadri Block, Longwood, Shimla-171 001

सं.डी.सी.ओ.एच.पी.18/2009– III(Out Sourcing) दिनांकः.....

13 JUL 2014

सेवा में,

_____

_____

_____

निविदा का आमंत्रण

विषयः– जनगणना कार्य निदेशालय, हिमाचल प्रदेश, शिमला में 03 चपरासी व 01 सफाई कर्मी हेतु निविदा आमंत्रण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय के संदर्भ में संलग्न निविदा आमंत्रण पत्र के अनुसार अपनी फर्म की निविदा इस कार्यालय को दिनांक 30.07.2014 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आर.के.राम)
संयुक्त निदेशक

संलग्नकः उपरोक्तानुसार

भारत सरकार, गृह मन्त्रालय
Government of India, Ministry of Home Affairs
निदेशालय जनगणना कार्य, हिमाचल प्रदेश
Directorate of Census Operations, Himachal Pradesh
2011
दूरभाष/Tele.: 0177-2651 419, 2651 482
टैलीफैक्स/Telefax : 0177-2651 419
तार/Telegram : हिम-जनगणना/Him-Census
ई-मेल/E-mail : dco-him.rgi@censusindia.gov.in
सी.जी.ओ. कम्पलैक्स, हिमाद्रि खण्ड, लौगवुड, शिमला-171 001
C.G.O. Complex, Himadri Block, Longwood, Shimla-171 001

सं.डी.सी.ओ.एच.पी.18/2009– ।।।(Out Sourcing)

दिनांक:.....
15 JUL 2014

निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की **ओर** से जनगणना कार्य निदेशालय,हिमाचल प्रदेश, केन्द्रीय कार्यालय भवन, द्वितीय तल, हिमान्द्री खण्ड स्थित शिमला–171001 को चपड़ासी एवं सफाई कर्मी हेतु निम्नानुसार कर्मचारियों की वर्ष 2014–15 के लिए आवश्यकता है :–

क्रमांक	कर्मी **का** पदनाम	पदों की संख्या	वांछित योग्यता	कार्य अवधि
1.	चपड़ासी **(MTS)**	**03**	दसवीं या उसके समक्ष	**8.30** घण्टे
2.	सफाई कर्मचारी	**01**		**8.30** घण्टे

उक्त हेतु यह निदेशालय सील बन्द द्वि बोली प्रणाली **(Two Bid System)** में (तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली) **आमंत्रित** करती है । इच्छुक फर्मो द्वारा अपनी तकनीकी बोली **(Technical Bid)** एवं वितीय बोली **(financial Bid)** को अलग– अलग लिफाफों में जिन पर स्पष्ट अक्षरों में निविदा सूचना और **निर्धारित** तारीख लिख कर एक बड़े **लिफाफे** में रख कर दिनांक 30.07.2014 तक दोपहर **11.00** बजे तक भेजा जा सकता है । तकनीकी बोली **(Technical Bid)** में दिये गये शर्तो को पूर्ण करने के पश्चात ही वित्तीय बोली की निविदा **खोलने** की कार्यवाही की जायेगी ।

इच्छुक फर्म डाक के माध्यम से अथवा कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में सीधे तौर पर निविदायें जमा कर सकते है ।

तकनीकी बोली **(Technical Bid)**

निमांकित प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।

(क) निविदा प्रदाय करने वाले एजेंसी का पंजीकृत होना आवश्यक है ।

(ख) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के तहत **LEO** से प्राप्त न्यूनतम मजदूरी प्रमाण–पत्र लेबर लाइसेंस सहित ।

(ग) **PAN** नम्बर।

(घ) सर्विस टैक्स ।

(ड.) **ESIC & EPF** प्रमाण पत्र।

(छ) प्राइवेट सेक्युरीटी एजेसी एक्ट के तहत एजेंसी को पंजीकृत होना चाहिए इस आशय का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र (यदि हिमाचल में लागू हो तो)

(ज) निविदाकर्ता फर्म का विगत 3 वर्षो का वार्षिक **(Turn Over)** कम से कम राशि रू0 5 लाख वार्षिक होना आवश्यक है , इस हेतु चार्टर ॲकान्टेड द्वारा आडिट की हुई **Audit Balance Sheet** की छाया प्रति लगाना आवशयक है ।

(झ) निविदाकर्ता फर्म का विगत 3 वर्षो के दौरान अन्य कार्यालयों/संस्थनों में दी गई सेवा संबंधी दस्तावेज ।

(ट) निविदा के साथ संलग्न किये जाने वाले समस्त दस्तावेज फर्म के प्रतिनिधि द्वारा स्वसत्यापित होने चाहिए ।

(financial Bid) वित्तिय बोली

1. संलग्न किये जाने वाले कर्मियों के संबंध में प्रतिमाह प्रति व्यक्ति का दर हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित न्यूनतम मजदूरी को ध्यान में रखकर प्रेषित किया जाये।

2. दर प्रस्तुत करते समय यह घ्यान रखे कि संलग्न किये जाने वाले कर्मियों को **ततसमय प्रभावी** नियमानुसार **PF ,ESIC** इत्यादि की कटौती करना आवश्यक होगा । इसके साथ–साथ नियमानुसार आयकर संबंधी की कटौती भी की जायेगी ।

3.निविदा के साथ आपके द्वारा निविदा में उल्लेखित मासिक दर के आधार पर कुल एक वर्ष के **लिए** राशि का 2 प्रतिशत बतौर सुरक्षा राशि जमा करना होगा । सुरक्षा राशि अकाउण्ट पेयी डिमान्ड ड्राफट हो **तो** किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी **DDO, DCO Himachal Pradesh , Shimla** के नाम से देय हो ।

सफल निविदाकर्त्ता को अनुबंध करते समय एक वर्ष के लिए अनुबंधित राशि का 2 प्रतिशत बतौर निष्पादन सुरक्षा राशि किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी **FDR** जो **DDO. DCO Himachal Pradesh, Shimla** के नाम से देय हो तथा इस कार्यालय में 14 माह के लिए **जमा** करना होगा ।

नियम व शर्ते:-

1. इस निदेशालय में संलग्न किये जाने वाले किसी भी कर्मचारी का वेतन का भुगतान राज्य शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन से कम नहीं होना चाहिये यह भी सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में राज्य शासन द्वारा न्यूतम वेतन दरों में वृद्धि की जाती है तो यह कार्यालय अनुबंध अवधि के बीच में दरों में संशोधन नहीं करेगा और बढी हुई दरों पर भुगतान संबंधित फर्म को ही करना होगा| अत: दरें प्रस्तुत करने वाली फर्मो को सलाह दी जाती है कि उपरोक्त बातों को ध्यान में रखते हुये वित्तीय बोली में दरें प्रस्तुत करें| फर्म द्वारा प्रदाय दर अनुबंध की तिथि से आगामी एक वर्ष के लिये प्रभावशील होंगे |

2. कर्मचारियों के व्यवहार/ आचरण की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित फर्म की होगी संबधित फर्म की जिम्मेदारी होगी कि वह यह ध्यान रखें कि संलग्न किया गया कोई भी कर्मचारी इस प्रकार का व्यवहार/आचरण न करें जो शासकीय कार्यालय की गरिमा के प्रतिकूल हो|

3. कर्मचारियों को किसी भी तरह के शासकीय वेतन भत्ते आदि मान्य नहीं होंगे किसी भी कर्मचारी को नियमित नहीं किया जायेगा| कर्मचारी भविष्य में किसी भी प्रकार के दावे के हकदार नहीं होंगे तथा ड्यूटी अवधि में किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित घटना / दुर्घटना आदि के लिऐ यह कार्यालय किसी भी प्रकार के दावे के लिए उतरदाई नही होगा|

4. इस कार्यालय में उक्तानुसार संलग्न किये जा रहे कर्मचारियों का पूर्ण विवरण (पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो सहित) कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी|

5. कार्यालय परिसर में निषिद्ध पदार्थो यथा-शराब, बिडी, सिगरेट, तम्बाकू इत्यादि का सेवन संलग्न कर्मियों द्वारा नहीं किया जायेगा|

6. सुरक्षा गार्ड/चपरासी / सफाईकर्मी को उल्लेखित कार्यो के अतिरिक्त आवश्यकतानुसार कार्य की प्राथमिकता को देखते हुए केयर- टेकर द्वारा अन्य कार्य सौंपा जा सकता है| सभी कर्मचारियों को प्रत्येक दिन कर्तव्य पर उपस्थित होने पर केयर-टेकर को उपस्थिति देनी होगी|किसी भी कर्मचारी की अनुपस्थिति की पूर्व सूचना केयर-टेकर को देते हुये उसके एवज में अन्य कर्मचारी को कार्य पर लगाया जाना होगा| कर्मचारी उपलब्ध न कराने की स्थिति में अनुपातिक रूप से भुगतान की जाने वाली राशि में कटौती किया जायेगा |

7. एजेंसी द्वारा नियुक्त कर्मचारियों के वेतन से भविष्य निधि एवं ई.एस.आई.सी. की राशि की कटौती कर समबन्धित कार्यालय में नियमित रूप से जमा करना अनिवार्य होगा एवं जमा की गई राशि के सम्बंध में इस कार्यालय को नियमित अवगत करना होगा| साथ ही इस दौरान पी.एफ., ई.एस.आई.सी. में नियमानुसार वृद्दि किये जाने पर अतिरिक्त प्रभाग का भुगतान संबंधित फर्म दवारा वहन किया जायेगा|

8. सुरक्षा गार्ड/चपरासी/सफाईकर्मी ड्रेस में रहेगें, जिसकी आपूर्ति संबंधित फर्म द्वारा किया जाना होगा|

9. सुरक्षा गार्ड/चपरासी/सफाईकर्मी के कार्य नियंत्रण अधिकारी की दृष्टि में संतोषजनक नहीं पाये जाने पर किसी भी स्तर पर किसी भी समय एजेंसी द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाओं को निरस्त किया जा सकेगा|

10. निविदाओं को मान्य/अमान्य करने अथवा निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार संयुक्त निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय हिमाचल प्रदेश, शिमला के पास सुरक्षित रहेगा|

निविदा जमा करने/ खोलने की तिथि:-

निविदा जनगणना कार्य निदेशालय शिमला, हि.प्र. में दिनांक 30-07-2014 को 11.00 बजे तक या इसके पूर्व जमा किया जा सकता है| इस तिथि या समय के बाद प्राप्त निविदा को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा| दिनांक 30-07-2014 को सांय 3.00 बजे कार्यालय के क्रय समिति के समक्ष तकनीकी बोली खोला जायेगा तथा दिनांक 30-07-2014 को सांय 4.00 बजे वित्तीय बोली खोली जायेगी | निविदा खोले जाने के दौरान निविदा कर्ता फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है |

15/7/14

(आर.के.राम)

संयुक्त निदेशक

प्रतिलिपि :-

1) ORGI Website

15/7/14

संयुक्त निदेशक